# रक्षा अध्ययन

## आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला (उद्घाटन कार्यक्रम)



कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उद्बोधन देते श्री गौतम गुप्ता

27 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला आपदा विशेषज्ञ श्री गौतम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्री नीतीश शुक्ला ने आपदाओं से निपटने के कुछ गुण बताए। कार्यक्रम में उपस्थित दोनों अतिथियों का आभार कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य व एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ-साथ आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में पंजीकृत सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यशाला में उपस्थित आपदामोचक दल के सदस्य एवं प्रशिक्षु

## कार्यशाला का दूसरा दिन

28 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य प्रशिक्षक श्री अश्विनी कुमार वर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा श्री उमेश निषाद, रवि कुमार यादव, आशुतोष मिश्रा, विजयपाल यादव, आदेश कुमार आदि की टीम ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने सभी प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापन किया।

# महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

## कार्यशाला का तीसरा दिन



आपदाओं से बचने का प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रशिक्षुगण

29 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं में स्वयं को बचाने तथा दूसरों को बचाने तथा प्राथमिक उपचार कैसे दे आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया। यह पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य आपदा प्राधिकरण के प्रशिक्षक श्री अश्विनी कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।




आपदाओं से निपटने के गुर सिखाते आपदा मोचक दल के सदस्य श्री अश्विनी वर्मा

## कार्यशाला का चौथा दिन

30 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपदा के समय धन-जन की क्षति को कम से कम करने के लिए आवश्यक उपाय सिखाये। प्रशिक्षकों की टीम का नेतृत्व एस.डी.आर.एफ. के प्रशिक्षक श्री अश्विनी वर्मा ने किया।

## कार्यशाला का पाँचवां दिन



गैस सिलेण्डर में लगी आग पर काबू पाने का गुर सिखती प्रशिक्षु

31 दिसम्बर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के पाँचवे दिन पुलिस विभाग के अग्निशमन दल ने विद्यार्थियों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। अग्निशमन दल का नेतृत्व विन्ध्यवासिनी सिंह ने

किया। इनके सहयोगी के रूप में राम प्रताप भारती, हैदर अली और उमेश निषाद ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। यह प्रशिक्षण कार्य एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापन डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

## कार्यशाला का छठवां दिन

01 जनवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के छठवें दिन राष्ट्रीय आपदा मोचक दल के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपदा के समय धन-जन की क्षति को कम करने के लिए आवश्यक उपायों का प्रशिक्षण दिया गया।




सी.पी.आर. की विधि सिखाते प्रशिक्षकगण

कार्यक्रम मे एन.डी.आर.एफ. के इंसपेक्टर श्री डी.पी. चन्द्रा ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। डॉ. अभिषेक सिंह ने सभी प्रशिक्षकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला (समापन समारोह)

02 जनवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संचालित आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्तदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के




कार्यशाला के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि, प्रशिक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य

# महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला के पूर्व आचार्य डॉ. राजेन्द्र भारती ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री राजेश सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में 11वीं वाहिनी एन.डी.आर.एफ. के डिप्टी कमाण्डर श्री पी.एल. शर्मा, प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक एवं गोरखपुर के जिला आपदा विशेषज्ञ श्री गौतम गुप्ता जी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्री रमाकान्त दूबे ने किया। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का धन्यवाद किया।




कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते महाविद्यालय के प्राचार्य




अध्यक्षीय उद्बोधन देते डॉ. राजेन्द्र भारती



समापन अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी



समापन अवसर पर उपस्थित कार्यशाला के प्रशिक्षुगण